# 20. संवाद-लेखन

दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच हुए वार्तालाप को संवाद कहते हैं। संवादों के माध्यम से ही हम अपने विचारों से दूसरों को अवगत करवाते हैं तथा दूसरों के विचारों को जानते हैं।

❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को संवाद लेखन की विधा से अवगत करवाएँ।
❖ संवाद लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इसके बारे में बच्चों को बताएँ।
❖ दो बच्चों से आपस में किसी विषय पर संवाद करवाएँ।
❖ श्यामपट्ट पर प्रत्येक छात्र से छोटे-छोटे संवाद लिखवाएँ।
❖ पाठ पृष्ठ पर दिए गए संवाद-लेखन के उदाहरण पढ़वाएँ।
❖ सुनिश्चित करें कि प्रत्येक छात्र संवाद-लेखन के बारे में भली-भाँति समझ गया है।
❖ बच्चों से दिया गया अभ्यास करवाएँ। इसमें उनकी यथासंभव सहायता करें।